संख्या–cm-50
17/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में अरवल और जहानाबाद जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 17 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में अरवल जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री अरवल प्रखंड की सोनवर्षा पंचायत में परसादी इंग्लिश ग्राम के वार्ड संख्या 12 में पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। जीविका द्वारा वित्त पोषित कार्यों जैसे मशरूम का उत्पादन, पौधारोपण, ऋषि नीर प्यूरिफाई वाटर सप्लाई और जीविका दीदियों द्वारा उत्पादित सामानों आदि के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

जीविका दीदियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आपलोगों को आगे बढ़ाने के लिए हमलोग लगे हुए हैं। आपलोग अच्छे से काम करते रहिए। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका बहुत सहयोग मिला है जिससे हमलोग आगे बढ़ रहे हैं और अच्छे से जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना के लाभार्थियों, मुख्यमंत्री महादलित विकास मिशन से जुड़े लोगों तथा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के लाभार्थियों से बातचीत की और उनके कार्यों के संबंध में पूरी जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना, मुख्यमंत्री गली–नाली योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना के कार्यों का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 22 परिवारों को 5 लाख 84 हजार 100 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों को 4 लाख रूपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

इसके पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक–एक चीज की जानकारी ले रहे हैं। सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिन समस्याओं को रखा जा रहा है उस पर भी काम करने के लिए विचार किया जा रहा है। जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों से जानकारी आपलोग भी ले सकते हैं कि कितना काम किया गया है। हर घर नल का जल पहुंचा दिया गया है। पक्की गली नाली का निर्माण हो गया है। रात में किसी को परेशानी न हो इसके लिए अब सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक जितना काम हुआ वो तो ठीक है लेकिन आगे और क्या करना चाहिए, इसके लिए हम पूरे बिहार में घूम रहे हैं। घूमने के दौरान मेरे दिमाग में जो आइडिया आया वो सब तो करा ही रहे हैं और आगे क्या करना है

इसको भी तय कर लिया गया है ताकि बिहार का और ज्यादा विकास हो। नल के जल को लेकर जो भी समस्याएं आ रही हैं उसके संबंध में अधिकारियों से कहा गया है। पंचायत में जो काम हो रहे हैं उसे पंचायत को ही देखना है। हम यात्रा पर निकलते हैं तो त्रुटियों की जानकारी मिलती है। सारी जानकारी लेकर हम अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं। कोई खास बात होती है तो संबंधित विभागों को भी हमलोग काम करने के लिए कहते हैं। जब हम ये यात्रा पूरी कर लेंगे तो सारे जिलों को जोड़कर एक बैठक करेंगे।

रामचरित मानस विवाद पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों का मानना है कि कोई किसी भी धर्म को मानने वाले हों उसमें किसी भी प्रकार का इंटरफेयरेंस नहीं करना चाहिए। जिस प्रकार लोग धर्म का पालन करते हैं उस प्रकार से धर्म का पालन करें। सबको इज्जत मिलनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। जिसको जैसे लगे उसी प्रकार से पूजा करे। हमने तो पहले ही समझा दिया है। उप मुख्यमंत्री ने भी मामले को स्पष्ट कर दिया है। अब इस पर कोई बात करने का मलतब नहीं है। हम तो यही कहेंगे कि इन सभी चीजों पर नोटिस मत लीजिए।

गंगा नदी से गाद हटाने को लेकर पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो गाद हटाने को लेकर शुरू से कह रहे हैं। वर्ष 2017 में इसको लेकर हमलोगों ने पटना और दिल्ली में बैठक की थी। केवल बात करने से नहीं होगा इसके लिए जागरूक होना होगा। गाद हट जाएगा तो इससे सब जगह पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में जहानाबाद पहुंचे और वहां भी विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने मांदिल पंचायत के पकरी महादलित टोले में उपस्थित लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पकरी का भी निरीक्षण किया। साथ ही मॉडल आंगनबाड़ी, पकरी का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जानेवाले भोजन एवं पठन–पाठन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर लगाए गए स्टॉल का भी उन्होंने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत् मछली पालन, भैंस पालन, बकरी पालन कर रहे लोगों से बातचीत की। साथ ही श्रृंगार की दुकान, किराना दुकान खोलने वाली महिलाओं से भी मुख्यमंत्री ने हो रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत सामुदायिक शौचालय, चापाकल और सोखता आदि का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस क्षेत्र में नीरा के उत्पादन की अच्छी संभावना है। लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करें। नीरा के उत्पादन से लोगों की आमदनी बढ़ेगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मांदिल ग्राम में मांदिल नौका विहार का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इस दौरान अधिकारियों से कहा कि इस तालाब का और बेहतर ढंग से सौंदर्यीकरण कराएं। साथ ही छठ घाट की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत जल के संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है। जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने बिहार महादलित विकास मिशन से जुड़ी बच्चियों से मुलाकात की और उन्हें समाज सुधार अभियान चलाते रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने बच्चियों से यह भी कहा कि शराब नहीं पीने के लिए लोगों को प्रेरित करती रहो। आदर्श ग्राम पंचायत मांदिल के पंचायत सरकार भवन परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निःशक्त बच्चों के लिए ट्राई साइकिल एवं निःशक्तता

पेंशन के लिये स्वीकृति आदेश भी प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने निःशक्त बच्चों से बातचीत की और उनकी समस्याएं भी जानीं, साथ ही अधिकारियों से कहा कि इनकी सुविधाओं के लिए जो कुछ भी संभव हो करें। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन के लिए तैयार की गई विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 45 लाख 18 हजार रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी यात्रा का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा जो काम कराये गये हैं उसमें कितनी प्रगति हुयी है और कितना काम बाकी है, उसे देखना। सात निश्चय–1 और सात निश्चय–2 के तहत सरकार द्वारा काफी कार्य कराये गये हैं। लोगों की सुविधा और तरक्की के लिए और क्या किया जा सकता है, उसी का आकलन और अध्ययन करने के लिए हमलोग घूम रहे हैं। सभी लोगों से मिलकर उनकी बातों को सुनते हैं। लोगों की एक–एक बातों को नोट किया जाता है। हम अधिकारियों को इसे देखने के लिए कहते हैं। यहां आकर मुझे अच्छा लग रहा है। जो काम सरकार द्वारा कराया जा रहा है उसे देखने के बाद हम कुछ सुझाव अधिकारियों को देते हैं।

रामचरितमानस विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब फालतू चीज है। धर्म के मामले में किसी को किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई कोई भी धर्म हो, किसी को भी इसमे इंटरफेयर नहीं करना चाहिए। यह सही बात नहीं है। जिन्होंने इस तरह की बातें कहीं है उनको उप मुख्यमंत्री ने भी कह ही दिया है। जिसको जैसे मन करता है वो वैसे पूजा करता है। उसमें किसी को भी हस्तक्षेप नहीं करनी चाहिए। सभी धर्म के लोगों को अपने–अपने ढंग से पूजा करने का अधिकार है। कोशिश करनी चाहिए कि आपस में किसी तरह का कोई विवाद नहीं हो। हमलोगों की कोशिश के फलस्वरुप बिहार में आपसी विवाद न के बराबर होते हैं। धर्म के मामले में अगर कोई बोलता है तो मुझे ठीक नहीं लगता है। हम इन सब मामलों में इंटरफेयर नहीं करना चाहते हैं। क्या मंत्री को अपना बयान वापस ले लेना चाहिए के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनको यह बात कह चुके हैं। अब तो उनकी पार्टी की तरफ से भी कह दिया गया है। इन सब बातों पर आपलोग ज्यादा चर्चा मत किया कीजिए।

महागठबंधन की एकता के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। कोई इंडिविजुअल को दिमाग में कोई बात आती है और वह कोई बात बोल देता है। इसका मतलब यह नहीं है कि एलायंस और पार्टियों में किसी तरह की कोई बात है। पार्टियों में इस तरह की कोई बात नहीं है।

भाजपा के एक सांसद द्वारा महाराष्ट्र की घटना बिहार में दुहराने की बात पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके लिए बहुत खुशी की बात होगी। वे लोग खुशी मनायें। जनता मालिक होती है। हमलोग काम करते रहते हैं। जिसको जो मन में आये वो बोलता रहे। इससे हमलोगों का कुछ भी लेना–देना नहीं है। आपलोग जानते हैं कि हम काम करते रहते हैं।

श्री उपेंद्र कुशवाहा के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आपको बता देंगे। ऐसी कोई बात नहीं है। हमारी पार्टी में इन सब बातों का कोई मतलब नहीं है। कौन क्या बोल रहा है, हमसे मिलेंगे तो हम उनसे पूछ लेंगे। हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन सब बातों पर बोल ही देते हैं। हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। पार्टी के सदस्यों की संख्या अब 75 लाख हो गई है। पार्टी के सभी लोग काम करते रहते हैं। आप जहां कही भी घूमेंगे वहां हमारी पार्टी के लोग दिखाई पड़ जायेंगे।

समाधान यात्रा के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, अनुसूचित जाति अनुसूचित/जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री सह जहानाबाद जिले के प्रभारी मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, सांसद

श्री चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, विधायक श्री सुदय यादव, विधायक श्री सतीश कुमार, विधान पार्षद श्री कुमुद वर्मा, पूर्व विधायक श्री राहुल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0, अनुसूचित जाति अनुसूचित/जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री दिवेश सेहरा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, आयुक्त मगध प्रमंडल श्री मयंक बरबरे, पुलिस महानिरीक्षक मगध रेंज श्री क्षत्रनील सिंह, जिलाधिकारी जहानाबाद श्री रिची पाण्डेय, जिलाधिकारी अरवल श्रीमती जे0 प्रियदर्शिनी, पुलिस अधीक्षक जहानाबाद श्री दीपक रंजन, पुलिस अधीक्षक अरवल, श्री मो0 कासिम सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******